# भगवान राम से जुड़े स्थानों को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जाएगा

## चर्चा में क्यों?

मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि **राज्य में रामलला से जुड़े स्थानों को लोकप्रिय पर्यटन स्थलों के रूप में विकसित किया जाएगा।**

- **उन्होंने निवाड़ी ज़िले के ओरछा कस्बे में राम राजा मंदिर से प्राण-प्रतिष्ठा समारोह** को वर्चुअली देखा।

## मुख्य बिंदु:

- **राम मंदिर मूर्ति प्रतिष्ठा समारोह एक ऐतिहासिक घटना थी।**
  - **करीब 142 करोड़ लोगों ने सरकार का साथ दिया और सांप्रदायिक सौहार्द की मिसाल प्रस्तुत की।**

## राम राजा मंदिर



- राम राजा मंदिर **मध्य प्रदेश के ओरछा में स्थित एक मंदिर है।**
- यह एक पवित्र हिंदू तीर्थस्थल है और यहाँ नियमित रूप से बड़ी संख्या में श्रद्धालु आते हैं तथा इसे **आमतौर पर ओरछा मंदिर के नाम से भी जाना जाता है।**
- जिन मूर्तियों को भव्य चतुर्भुज मंदिर में स्थापित किया जाना था, उन्हें उस ज़मीन पर रखा गया था जहाँ अब यह मंदिर स्थित है।
- लेकिन एक बार ज़मीन **पर रखने के बाद मूर्तियाँ हिल नहीं पाती थीं।**
  - इससे वह स्थान पवित्र हो गया और एक मंदिर का निर्माण किया गया जहाँ मूर्तियाँ रखी गईं।
  - **राम राजा मंदिर की वास्तुकला उत्कृष्ट है, जो संगमरमर के प्रांगण और रंगीन दीवारों से सुसज्जित है।**

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/places-linked-with-lord-ram-to-be-developed-as-tourist-spots